बिहार सरकार
सिविल विमानन विभाग,
हवाई अड्डा, पटना–800014

TEL. No:- 0612-2225659, 2224423
e-mail-cadbihar@bihar.gov.in

पत्रांकः– सि०वि०नि०(योजना)–10–03/2023– 46 पटना, दिनांक– 22.01.2026

प्रेषक,

**अखिलेश कुमार सिंह,** भा०प्र०से०
अपर सचिव

अनौपचारिक रुप से परामर्शित

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार**
वीरचन्द पटेल मार्ग,
पटना।

द्वारा,

**वित्त विभाग,**
बिहार, पटना।

विषयः– मांग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–5053–नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय–02–विमानपत्तन–102–हवाई अड्डा–01 01–हवाई अड्डे विपत्र कोड–04–5053021020101 अन्तर्गत दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माणार्थ भूमि अधिग्रहण करने हेतु अंचल–दरभंगा सदर अंतर्गत मौजा–बेला नवादा, थाना संख्या–518 का रकबा–40.1054 एकड़, मौजा–बेला टुकड़ा नं०–01 एवं 02, थाना संख्या–516 का रकबा–9.455 एकड़ एवं मौजा–बेलादुल्लाह, थाना संख्या–513 का रकबा–0.44 एकड़ अर्थात कुल रकबा–50.0004 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने हेतु अनुमानित मुआवजा राशि ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध द्वितीय अनुपूरक आगणन से प्राप्त राशि ₹1,00,00,00,000/– (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति।

**आदेश –स्वीकृत।**

2. समाहर्त्ता, दरभंगा के पत्रांक–1408, दिनांक–25.08.2025 द्वारा दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माणार्थ भूमि अधिग्रहण करने हेतु कुल रकबा–50.0004 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने हेतु अनुमानित मुआवजा राशि ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र के व्यय हेतु प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है।

उल्लेख किया गया है कि प्रस्ताव–01 में वर्णित अंचल–दरभंगा सदर अंतर्गत मौजा–बेला नवादा, थाना संख्या–518 का रकबा–40.1054 एकड़, मौजा–बेला टुकड़ा नं०–01 एवं 02, थाना संख्या–516 का रकबा–9.455 एकड़ एवं मौजा–बेलादुल्लाह, थाना संख्या–513 का रकबा–0.44 एकड़ अर्थात कुल रकबा–50.0004 एकड़ भूमि के लिए विरूद्ध अनुमानित कुल प्राक्कलित राशि ₹1,38,73,77,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ तिहत्तर लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र तथा समाहर्त्ता, दरभंगा के पत्रांक–1496, दिनांक–10.09.2025 द्वारा सामाजिक प्रभाव मुल्यांकन में होने वाले व्यय की राशि ₹9,10,000/– मात्र जी०एस०टी० सहित होने का उल्लेख किया गया है अर्थात कुल ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र व्यय भूमि अर्जन हेतु संभावित है।

3. दरभंगा हवाई अड्डा को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाये जाने हेतु 90 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने एवं कैट–2 लाईट के अधिष्ठापन से संबंधित विषय पर मुख्य सचिव,



Scanned with OKEN Scanner

बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–25.06.2025 को संपन्न बैठक में जिलाधिकारी, दरभंगा को हाईवे के पास लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माणार्थ भूमि अधिग्रहण करने हेतु 50 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किये जाने हेतु दो–तीन प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

4. योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक–1032/लो०वि० दिनांक–12.12.2025 द्वारा दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माणार्थ कुल रकबा–50.0004 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने हेतु अनुमानित मुआवजा राशि ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हेतु अनुशंसा किया गया। इस संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा दिनांक–13.01.2026 को संपन्न बैठक में मद संख्या–12 के रूप में सम्मिलित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया। इस संबंध में संचिका सि०वि०नि०(योजना)–10–03/2023 के पृष्ठ–74/टि० पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

5. उक्त प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में अतिरिक्त उद्व्यय उपलब्ध कराने के लिए योजना एवं विकास विभाग को विभागीय पत्रांक–693, दिनांक–31.10.2025 द्वारा अनुरोध किया गया है।

6. प्रश्नगत राशि ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र के विरूद्ध द्वितीय अनुपूरक आगणन वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹1,00,00,00,000/– (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र का उद्व्यय प्राप्त है। शेष राशि की उपलब्धता तृतीय अनुपूरक आगणन से की जायेगी। इस संबंध में मांग संख्या–04 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–5053–नागर विमानन एवं पूँजीगत परिव्यय–02–विमानपत्तन–102–हवाईअड्डा–01 01–हवाईअड्डे–राज्य योजना भू–अर्जन मद विषय शीर्ष–53 02, विपत्र कोड–04–5053021020101 के द्वारा मुआवजा राशि को विमुक्त करने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त है।

7. योजना एवं विकास विभाग के पत्रांक–6431, दिनांक–24.11.2025 द्वारा सूचित किया गया कि कुल स्वीकृत राशि ₹1,38,82,87,534/– (एक सौ अड़तीस करोड़ बेरासी लाख सतासी हजार पाँच सौ चौंतीस रूपये) मात्र के विरूद्ध दरभंगा हवाई अड्डा हेतु द्वितीय अनुपूरक आगणन से ₹1,00,00,00,000/– (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र का उद्व्यय दिया गया है।

8. उपर्युक्त स्वीकृत राशि ₹1,00,00,00,000/– (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र का व्यय मुख्य शीर्ष 5053 नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय राज्य योजना–02–विमानपत्तन–102–हवाई अड्डा–0101–हवाई अड्डे विपत्र कोड–04–5053021020101 के अन्तर्गत 53 02 भू–अर्जन मद से वित्तीय वर्ष 2025–26 के उपबंधित राशि से विकलित होगा।

9. अपर सचिव (निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी), सिविल विमानन विभाग, पटना, द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा कोषागार, दरभंगा में शीर्ष–00–8443–00–106–0006–00–01 अंतर्गत संचालित पी०डी० खाता संख्या–DBGPDA002 एवं परियोजना का Ledger ID संख्या–5881 में राशि अन्तरित किया जायेगा।

10. इस राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए किया जायेगा जिस कार्य के लिए स्वीकृति दी गयी है। किसी अन्य मद में इस राशि का उपयोग कदापि नहीं किया जायेगा। इस राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं व्यय विवरणी के साथ कोषागार चालान जिलाधिकारी एवं जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा सीधे महालेखाकार को भेजते हुए उसकी एक प्रति इस विभाग को योजना की स्वीकृति के छः माह के अन्दर उपलब्ध कराया जाएगा।

11. इस राशि के अंकेक्षण का अधिकार महालेखा नियंत्रक एवं लेखाकार परीक्षक को होगा।

Scanned with OKEN Scanner

12. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या सि०वि०नि०(योजना)—10—03/2023 के पृष्ठ...77.../टि० पर प्राप्त है।
13. वित्तीय वर्ष 2025—26 में द्वितीय अनुपूरक आगणन से प्राप्त राशि में से व्यय किये जाने के प्रस्ताव पर माननीय मुख्य (विभागीय) मंत्री का अनुमोदन संचिका संख्या—सि०वि०नि०(योजना)—10—03/2023 के ...78.../टि० पर अनुमोदन प्राप्त है।
14. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या—1569, दिनांक—10.12.2025 द्वारा सिविल विमानन विभाग का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025—26 में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विपत्र कोड—04—5053—02—102—0101 में आवंटित राशि इस वर्ष की शेष अवधि के लिए व्यय किये जाने के प्रस्ताव पर वित्त विभाग का संचिका संख्या—वा०सं०नि० (बजट)—16—16/2025 के पृष्ठ—04/टि० पर सहमति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(अखिलेश कुमार सिंह)
अपर सचिव

ज्ञापांकः— सि०वि०नि०(योजना)—10—03/2023—46 पटना, दिनांक— 22.01.2026

प्रतिलिपिः—वित्त विभाग, बजट शाखा/अर्थोपाय शाखा वित्त विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, बिहार, पटना/लेखा शाखा, सिविल विमानन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अखिलेश कुमार सिंह)
अपर सचिव

ज्ञापांकः— सि०वि०नि०(योजना)—10—03/2023—46 पटना, दिनांक— 22.01.2026

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रधान आप्त सचिव/जिलाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित।

(अखिलेश कुमार सिंह)
अपर सचिव



Scanned with OKEN Scanner